# संकलित परीक्षा - I, 2012

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I, 2012

## सामाजिक विज्ञान / SOCIAL SCIENCE

SS2-049

## कक्षा - X / Class - X

निर्धारित समय : 3 घण्टे
Time allowed : 3 hours

अधिकतम अंक : 90
Maximum Marks : 90

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल 31 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **अनिवार्य** है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1 अंक** का है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 11 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न **3 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) प्रश्न क्रमांक 23 से 30 तक प्रत्येक प्रश्न **5 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 31 केवल भूगोल से मानचित्र सम्बन्धी **4 अंक** का प्रश्न है। मानचित्र पर उत्तर लिखने के बाद इसको अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रख कर बांध दीजिए।

**General Instructions :**

(i) The question paper has 31 questions in all. All questions are **compulsory**.

(ii) Questions from serial number 1 to 10 are Multiple Choice Questions. Each question carries **1 mark**.

(iii) Questions from serial number 11 to 22 are **3 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.

(iv) Questions from serial number 23 to 30 are **5 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **120 words** each.

(v) Question number 31 is a map question of **4 marks** from Geography only. After completion, attach the map inside your answer book.

1A. रिंडरपेस्ट एक तेज़ी से फैलने वाली पशुओं की बीमारी थी, जिसने निम्नलिखित में से कहाँ के लोगों के जीवन और अर्थव्यवस्था पर प्रभाव छोड़ा? 1

(a) दक्षिण अमरीका (b) यूरोप
(c) आस्ट्रेलिया (d) अफ्रीका

Rinderpest was a fast spreading cattle disease that had an impact on the life and economy of the people of :

(a) S. America (b) Europe
(c) Australia (d) Africa

अथवा/OR

1B. न्यूकॉमेन द्वारा बनाए गए भाप के इंजन में निम्नलिखित में से किसने सुधार किया? 1

(a) मैथ्यू बूल्टन (b) जेम्स वॉट
(c) हेनरी फोर्ड (d) ग्राहम बेल

Who, among the following, improved the steam engine produced by New Comen ?

(a) Mathew Boulton (b) James Watt
(c) Henry Ford (d) Grahm Bell

अथवा/OR

1C. निम्नलिखित में से कौनसा कथन वार्षिक लंदन सीज़न के सम्बन्ध में सही है? 1

(a) यह केवल सम्पन्न अंग्रेजों के लिए था।
(b) यह कार्यशील वर्ग के लिए आयोजित किया जाता था।
(c) यह विचार विनिमय के लिए आयोजित किया जाता था।
(d) यह राजनीतिक गतिविधियों के लिए आयोजित किया जाता था।

Which one of the following statements is correct about the Annual London Season ?

(a) It was meant for wealthy Britishers only
(b) It was organised for the working class
(c) It was organised for the exchange of news
(d) It was organised for political action

2A. सन् 868 में छपी जापान की सबसे पुरानी पुस्तक है : 1

(a) गोल्डन सूत्र (b) डायमण्ड सूत्र
(c) अलमानक (d) उकियो

The oldest Japanese book printed in AD 868 is :

(a) The Golden Sutra (b) The Diamond Sutra
(c) Almanac (d) Ukiyo

अथवा/OR

2B. 'इन्दुलेखा' मलयालम भाषा में लिखा गया पहला आधुनिक उपन्यास था, जिसके लेखक थे : 1

(a) चन्द् मेनन (b) बेंजामिन डिज़रायली
(c) काण्डुकुरी वीरेशलिंगम (d) रोकैया हुसैन

Induleka, was the first modern novel in Malayalam written by :

(a) Chandu Menon (b) Benjamin Disraeli
(c) Kandukuri Viresalingam (d) Rokeya Hussein

3. निम्नलिखित जातियों में से किसको सुभद्य जातियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है? 1

(a) शेरपूँछ वाला बंदर (b) एशियाई हाथी
(c) मरुस्थली लोमड़ी (d) गुलाबी सिरवाली बत्तख

Which one of the following species is classified as vulnerable ?

(a) Lion tailed macaque (b) Asiatic elephant
(c) Desert fox (d) Pink headed duck

4. निम्नलिखित राज्यों में से कौनसा रागी का सबसे बड़ा उत्पादक है? 1

(a) कर्नाटक (b) राजस्थान
(c) तमिल नाडू (d) गुजरात

Which of the following states is the largest producer of ragi ?

(a) Karnataka (b) Rajasthan
(c) Tamil Nadu (d) Gujarat

5. बेल्जियम में बहुसंख्यक लोग निम्नलिखित में से कौनसी भाषा बोलते हैं? 1

(a) फ्रेन्च (b) डच
(c) जर्मन (d) अंग्रजी

Majority of the people in Belgium speak which one of the following languages ?

(a) French (b) Dutch
(c) German (d) English

6. निम्नलिखित देशों में से किसको सरकार का संघोय रूप नहीं है? 1

(a) आस्ट्रेलिया (b) जर्मनी
(c) स्पेन (d) नेपाल

Which one of the following countries does not have a federal form of government ?

(a) Australia (b) Germany
(c) Spain (d) Nepal

7. भारत एक धर्म निरपेक्ष राज्य है, इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा सही है? 1

(a) कोई राजकीय धर्म नहीं है।
(b) किसी भी धर्म को प्रकट करने, पालन करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता है।
(c) किसी भी धर्म को विशिष्ट दर्जा नहीं ह।
(d) उपरोक्त सभी कथन

Which one of the following statements about India as a secular state is correct ?

(a) There is no official religion
(b) There is freedom to profess, practice and propagate any religion
(c) There is a no special status to any religion
(d) All the above statements.

8. विश्व बैंक के अनुसार किसी देश के विकास का मापक निम्नलिखित में से कौनसा है? 1

(a) साक्षरता दर (b) प्रति व्यक्ति आय
(c) सकल नामांकन अनुपात (d) जीवन प्रत्याशा

Which one of the following is the basis to measure the development of a country according to the World Bank ?

(a) Literacy Rate (b) Per Capita Income
(c) Gross Enrolment Ratio (d) Life Expectancy

9. निम्नलिखित राज्यों में से किसकी प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है? 1

(a) हरियाणा (b) राजस्थान
(c) पंजाब (d) बिहार

Which one of the following states has the highest per capita income ?

(a) Haryana (b) Rajasthan
(c) Punjab (d) Bihar

10. व्यवसायों की दी गई सूची में से जो एक भिन्न है, उसका चयन कीजिए : 1

(a) डॉक्टर (b) कुम्हार
(c) अध्यापक (d) वैज्ञानिक

Choose the odd one out from the list of occupations.

(a) Doctor (b) Potter
(c) Teacher (d) Scientist

11A. भारतीय अर्थव्यवस्था पर 1929 की महामंदी के प्रभावों की व्याख्या कीजिए। 3x1=3

Explain the impact of the Great Depression of 1929 on the Indian economy.

अथवा/OR

11B. गुमाश्ता कौन थे? उन्होंने ईस्ट इण्डिया कम्पनी की व्यापार पर एकाधिकार बनाए रखने में किस प्रकार मदद की? स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

Who were the Gomasthas ? How did they help the East India Company to assert a monopoly right to trade ? Explain.

अथवा/OR

11C. बम्बई (मुम्बई) को सपनों का शहर कहे जाने के किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। 3x1=3

Explain any three reasons for calling Bombay (Mumbai ) as the 'City of Dreams'.

12A. मुद्रण ने किस प्रकार वाद-विवाद और चर्चाओं की एक नई दुनियाँ का सृजन किया? किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए। 3x1=3

How did printing create a new world of debate and discussion ? Explain any three points.

अथवा/OR

12B. 'परीक्षा गुरू' उपन्यास किसने लिखा? इसकी किन्हीं दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

Who wrote the novel 'Pariksha Guru '? Explain any two features of it

13. पश्चिमी राजस्थान में विस्तृत रूप से कौनसी मृदा पाई जाती है? इस प्रकार की मृदा की दो महत्त्वपूर्ण विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए, जो इसे कृषि के लिए अनुपयुक्त बनाती हैं। 1+2=3

Name the soil type which is widely found in Western Rajasthan. Explain two important characteristics of this soil type which makes it unsuitable for cultivation.

14. लुप्त जातियों और संकटग्रस्त जातियों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए। 3

Differentiate between Extinct and Endangered species. Illustrate your answer with suitable examples.

15. पिछले वर्षों में बहुउद्देशीय परियोजनाएं परिनिरीक्षण और विरोध का कारण क्यों बन गई हैं? तीन कारण स्पष्ट कीजिए। 3x1=3

In recent years why have Multi Purpose Projects come under great scrutiny and opposition? Explain three reasons.

16. राजस्थान में वर्षाजल संग्रहण किस प्रकार किया जाता है? स्पष्ट कीजिए। 3

How is rain water harvesting practised in Rajasthan ? Explain.

17. आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में सत्ता की साझेदारी किस प्रकार होती है? स्पष्ट कीजिए। 3

Explain how power is shared in modern democracies.

18. अधिकतर देशों में सामाजिक विभाजन किसी न किसी रूप में मौजूद होते हैं। उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3x1=3

Social divisions of one kind or the other exist in most countries. Explain with examples.

19. समाज में सामाजिक विभिन्नताओं के बीच सामंजस्य और टकराव में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

Differentiate between overlapping and cross cutting social differences in society.

20. पंजाब की तुलना में केरल में मानव विकास सूचकांक बेहतर क्यों है? तीन कारण स्पष्ट कीजिए। 3x1=3

Why does Kerala have a better human development ranking in comparison to that of Punjab ? Explain three reason.

21. देश की अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों में उदाहरणों सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

Differentiate between the public and private sectors in an economy with examples.

22. संगठित और असंगठित क्षेत्रकों में कार्य करने की दशाओं की तुलना कीजिए। 3

Compare the working conditions in the organized and unorganized sectors .

23A. ब्रेटन वुड्स व्यवस्था के समापन और वैश्वीकरण के प्रारम्भ के लिए उत्तरदायी कारकों का वर्णन कीजिए। 5

Describe for the factors that led to the end of the Bretton Woods system and the beginning of Globalisation.

अथवा/OR

23B. बीसवीं सदी के प्रारम्भ में ब्रिटिश निर्माताओं द्वारा भारतीय बाजारों पर कब्जे के लिए अपनाए गए किन्हीं पाँच तरीकों का वर्णन कीजिए। 5x1=5

Describe any five methods adopted by the British manufactures to take over the Indian market in the beginning of twentieth century.

अथवा/OR

23C. बम्बई (मुम्बई) की चालों में रहने वाले लोगों के जीवन का वर्णन कीजिए। 5

Describe the life of people who lived in the chawls of Bombay (Mumbai )

24A. पढ़ने का जुनून क्या था? इसका बच्चों, महिलाओं और मजदूरों पर क्या प्रभाव था? 2+3=5

What was the "reading mania" ? What was its impact on children, women and workers ?

अथवा/OR

24B. अठारवीं सदी यूरोप में प्रौद्योगिकी और समाज में आए किन्हीं पाँच परिवर्तनों का वर्णन कीजिए जिन्होंने उपन्यासों के पाठकों की संख्या में वृद्धि की। 5x1=5

Describe any five changes in technology and society which led to an increase in readers of the novels of the eighteenth century Europe.

25A. जापान में हाथ द्वारा मुद्रण के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डालिए। 5

Elaborate upon the historical growth of hand printing in Japan.

अथवा/OR

25B. पत्रात्मक उपन्यासों और धारावाहिक उपन्यासों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। बाजार में आविष्कारों ने पाठकों की संख्या को किस प्रकार बढ़ाया? 3+2=5

Differentiate between the 'epistolary' novel' and 'serialised novels'. How did innovations in marketing increase readership ?

26. भारतीय कृषि में प्रौद्योगिकीय और संस्थागत सुधारों के प्रारम्भ करने के लिए किन्हीं पाँच कारणों की व्याख्या कीजिए। 5x1=5

Explain any five reasons responsible for the introduction of Technological and Institutional Reforms in Indian Agriculture.

27. भारत में 1992 के संविधान संशोधनों ने किस प्रकार स्थानीय शासन को शक्तिशाली बनाया है? किन्हीं पाँच प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए। 5x1=5

How did the Constitutional Amendments of 1992 empower the local government in India ? Explain any five provisions.

28. साम्प्रदायिकता से क्या अभिप्राय है? ऐसे किन्हीं चार रूपों को स्पष्ट कीजिए, जो साम्प्रदायिकता राजनीति में धारणा करती है। 1+4=5